Date :
P. No. :

# पाठ :

## छोटा मेरा खेत
## बगुलों के पंख

(उमाशंकर जोशी)

प्रश्न : छोटे चौकोने खेत को कागज़ का पन्ना कहने में क्या अर्थ निहित है ?

उत्तर : छोटे चौकोने खेत को कागज का पन्ना कहने में यही अर्थ निहित है कि कवि ने कविकर्म को खेत में बीज बोने की तरह माना है। इसके माध्यम से कवि बताना चाहता है, कि कविता रचना सरल कार्य नहीं है। जिसप्रकार खेत में बीज बोने से लेकर फसल काटने तक काफी मेहनत करनी पड़ती है। उसी प्रकार कविता रचने के लिए अनेक प्रकार के कर्म करने पड़ते हैं।

प्रश्न : रचना के संबंध में अंधड़ और बीज क्या है ?

उत्तर : रचना के संदर्भ में अंधड़ का अर्थ है – भावना का आवेश और बीज की व्याख्या विचार व अभिव्यक्ति। भावना के आवेग से कवि के मन में विचार का उदय होता है तथा रचना प्रकट होती है।

प्रश्न : रस का अक्षयपात्र से कवि ने रचनाकर्म की किन विशेषताओं की ओर इंगित किया है ?

उत्तर : अक्षय का अर्थ है - नष्ट न होने वाला। कविता

का रस इसी तरह का होता है। रस का अक्षयपात्र कभी-भी खाली नहीं होता। वह जितना बाँटा जाता है, उतनी ही भरता जाता है, ये रस चिर-काल तक आनंद देता है। खेत का अनाज तो खत्म हो सकता है, लेकिन काव्य का रस कभी खत्म नहीं होता। कविता रूपी रस अनंत काल तक बहता है। कविता रूपी अक्षयपात्र हमेशा भरा रहता है।

---

प्रश्न: अंधड़ से क्या तात्पर्य है?
2022,23

उत्तर: अंधड़ भावनात्मक आवेग है। काव्य रचना अचानक किसी प्रेरणा से होती है। कवि के मन में भावनाएँ होती हैं। जिस भी विचार का आवेग अधिक होता है। उसी विचार की रचना अपना स्वरूप ग्रहण करती है।

---

प्रश्न: बीज गल गया निःशेष से क्या तात्पर्य है?
2023

उत्तर: इसका अर्थ यह है कि जब तक कवि के मन में कविता का मूल भाव पूर्णतः समा नहीं पाता, तब तक वह अभिमान से मुक्त नहीं हो सकता। कविता तभी सफल मानी जाती है जब तक समग्र मानव जाति की भावनाओं को व्यक्त करती है। कविता को सार्वजनिक बनाने के लिए कवि का अहंकार नष्ट होना चाहिए।

---

3/1/24
A.C.C